अग्निवीर की ब्रेन हैमरेज से मौत

रेह थाना क्षेत्र के महुआ सूडा गांव के साहिल तोमर का अग्निवीर के तहत वायुसेना में हुआ था चयन

बाद न्यूज एजेंसी

करनगर (इटावा)। अग्निवीर तहत वायुसेना में भर्ती हुए भरेह महुआ डा निवासी वान की ग्रवार की शिक्षण के र न र्नाटक में न हैमरेज मौत हो ।। शुक्रवार ो जवान का शव गांव आया तो हराम मच गया। गांव के ोसियों के साथ ही आसपास के व के लोग भी सूचना पर एकत्रित ए। सेना के अधिकारी ने रेजनों को ढाढ़स बंधाया है।

महुआसूंडा निवासी मुन्ना सिंह मर ने बताया कि साहिल तोमर 19) का जनवरी में अग्निवीर के हत वायुसेना में चयन हुआ था।

साहिल तोमर की फाइल फोटो

बेटे की मौत के बाद बिलखती मां व अन्य परिजन। संवाद

वह छह माह से कर्नाटक के बेलगांव में प्रशिक्षण ले रहा था। 30 मई पिता मुन्ना सिंह के पास प्रशिक्षण कैंप से फोन आया और साहिल की तबियत खराब होने की जानकारी दी गई। वहां पहुंचा तो अधिकारियों ने बताया कि 30 मई को दोपहर एक बजे प्रशिक्षण के बाद साहिल कमरे पर गया था। शाम को आठ बजे यूनिट की गिनती के समय वह बाहर नहीं आया तो उसके कमरे में जाकर देखा गया। वहां वह गिरा पड़ा था।

इस पर उसे बेलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां हालत में सुधार नहीं होने पर फिर हम लोग बेलगांव से बेंगलुरु 500 किलोमीटर दूर अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने मस्तिष्क की नस फटने की जानकारी दी है। गुरुवार दोपहर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार देर शाम तक शव पैतृक गांव पहुंचा तो चारों ओर चीखपुकार मच गई। गांव में लोगों ने छतों पर चढ़कर अंतिम दर्शन किए। शनिवार सुबह पैतृक यमुना घाट पर पूरे सैन्य सम्मान और गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

साहिल तोमर अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उनके पिता मून्ना सिंह किसान हैं। जवान के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में उनकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोग लगातार परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

रोहित सिंह के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है और लोग युवा अग्निवीर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। मास्टर वारंट ऑफिसर एयर फोर्स पीगोड़ा, एसडीएम रोहित कुमार मौर्य, सीओ अवनीश कुमार सिंह मौजूद रहे।

हाईवे पर बाइक फिसली, दंपती सहित तीन बच्चे घायल

जसवंतनगर। थाना क्षेत्र के गांव नगला नवल के सामने एनएच दू हाईवे पर एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार दंपती और तीन बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया।

गजेंद्र सिंह (35) पुत्र यादराम निवासी दौलतपुर वैजुआखास, फिरोजाबाद बाइक से सिरसागंज से इकदिल की ओर जा रहे थे। उनके साथ पत्नी निशा (23) व तीन बच्चे पल्लवी (5), रिया (3) और पांच माह की सोना भी बाइक पर सवार थीं। नगला नवल के सामने पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े।

हादसे में गजेंद्र सिंह को गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी निशा को मामूली चोटें लगीं। तीनों बच्चों को भी हल्की चोटें आई हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक घायलों को सीएचसी पहुंचाया। (संवाद)

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

ताखा। पत्नी को ससुराल छोड़कर बाइक से घर लौट रहे युवक की बाइक में गुरुवार देर शाम करीब सात बजे सुतियानी मोड़ पर सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

नगला चिंता निवासी अनिरुद्ध (24) शुक्रवार शाम करीब सात बजे अपनी पत्नी को छोड़ने के लिए औरैया जनपद के अजीतमल स्थित ससुराल गया था। शाम को वह घर आने के लिए बाइक से निकला था। ऊसराहार-भरथना मार्ग पर

सुतियानी मोड़ के पास शाम करीब सात बजे काले रंग की कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक और कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर से गिरकर अनिरुद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार क्षतिग्रस्त कार को छोड़कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष बलराज सिंह भाटी ने बताया कि युवक को अस्पताल भेजा गया था।

ससुराल से शुक्रवार शाम घर लौट रहा था

हादसे में क्षतिग्रस्त कार। स्रोत: पुलिस

डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार को कब्जे में लेकर उसके मालिक का पता लगाया जा रहा है। बताया कि परिजनों से पूछताछ में पता चला कि अनिरुद्ध की शादी पिछले वर्ष ही हुई थी। परिजनों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

लोडर-ट्रैक्टर की भिड़ंत में चालक-परिचालक घायल

जसवंतनगर। जसवंतनगर-सैफई मार्ग पर पड़रपुरा गांव के पास गुरुवार शाम लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने हुई भिड़ंत में लोडर चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना उस समय हुई जब लोडर सैफई से जसवंतनगर की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोडर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में लोडर चालक सुबीर कुमार (35) पुत्र हरिश्चंद्र निवासी बरौली सैफई व परिचालक बिपिन कुमार (30) पुत्र रविंद्र सिंह निवासी हाजीपुर मीरा, बरनाहल (मैनपुरी) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी जसवंतनगर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। (संवाद)

दिल्ली जा रहे यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत

बाद न्यूज एजेंसी

टावा। दिल्ली जा रहे एक यात्री ी ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। चना मिलने पर मौके पर पहुंचे रिजनों ने शव की शिनाख्त की। लिस ने शव को कब्जे में लेकर स्टमार्टम को भेज दिया है।

उन्नाव के राजेपुर उतारी निवासी जय (50) दिल्ली में मजदूरी करता था। वह परिवार के साथ वहीं ह रहा था। बताया गया कि करीब ढ़ माह पहले उसके चारों बच्चे मन, चाहत, आराध्या और शानवी पनी नानी के घर तिर्वा हरोनी चले ए थे। गुरुवार को अजय अपनी त्नी सावित्री और बच्चों को लेकर ानपुर से सरस्वती एक्सप्रेस के रिए दिल्ली जा रहा था।

पत्नी और बच्चों को लेकर दिल्ली जा रहा था युवक

इसी दौरान दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर सराय भूपत स्टेशन के पास रेलवे फाटक संख्या-2 के पास वह ट्रेन से नीचे गिर गया। घटना के बाद वह रेलवे ट्रैक के किनारे गंभीर हालत में पड़ा मिला।

गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस ने बकेवर नौधना निवासी शिवशंकर को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान अपने समधी अजय के रूप में की। मृतक के बहनोई देसराज निवासी बलेरा ने बताया कि दिल्ली जाने के दौरान अजय हादसे का शिकार हुआ है।

जैन मुनि के आगमन पर गूंजा मंगल गान

संवाद न्यूज एजेंसी

इटावा। गणाचार्य आचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज के परम शिष्य पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज जी ससंघ का शुक्रवार को इटावा नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक मंगल प्रवेश हुआ। नगर प्रवेश से पूर्व आचार्य श्री ससंघ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर (नशियां जी) पहुंचे, जहां दिगंबर जैन साधु सेवा समिति और मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

श्रीजी के दर्शन-वंदना के बाद नगर प्रवेश यात्रा शुरू हुई। इस दौरान क्षुल्लक श्री 105 प्रगुण सागर महाराज एवं क्षुल्लक श्री 105 परमानंद सागर महाराज के साथ आचार्य श्री का भावपूर्ण मिलन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। शहर के प्रमुख मार्गों को धार्मिक पताकाओं, रंगोलियों, गुब्बारों और स्वागत द्वारों से सजाया गया था।

महिला मंडल की सदस्यों ने मंगल कलश धारण कर अगवानी की, जबकि समाजजनों ने जगह-जगह पाद प्रक्षालन, मंगल आरती और पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा विभिन्न प्रमुख चौराहों से होते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा पहुंची। नगरपालिका चौराहे पर अध्यक्ष ज्योति गुप्ता और पूर्व अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने श्रद्धालुओं को पेयजल वितरित कराया, जबकि लालपुरा में सभासद हेमलता यादव और अरविंद यादव ने शरबत वितरण किया।

मंदिर पहुंचने पर समिति पदाधिकारियों ने पुनः भव्य स्वागत किया। आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, इकदिल अध्यक्ष अभिषेक गोयल सहित अनेक अतिथियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जगह-जगह पुष्पवर्षा और मंगल आरती से स्वागत

मंगल प्रवेश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। स्रोत: आयोजक

पद विहार करते हुए आज पहुंचेगी यात्रा

भरथना। जैन गुरु आचार्य विशुद्ध सागर महाराज अपने दिगम्बर आचार्यों के साथ पद विहार करते हुए आज 13 जून को सुबह सात बजे भरथना पहुंचेंगे, जहां समाज के सैकड़ों लोगों उनका स्वागत करेंगे। वह बालगुंज में प्रवचन सभा भी करेंगे। दिगम्बर जैन नवयुवक मंडल कमेटी के अध्यक्ष नरेश चंद्र जैन ने बताया कि जैन समाज के लोग नगर प्रवेश के दौरान विशुद्ध सागर महाराज का ढोल नगाड़ों संग स्वागत करेंगे। वह मुहल्ला कृष्णा नगर, जवाहर सड़क, सरोजनी सड़क होते हुए बालगुंज मार्ग पर आयोजित प्रवचन सभा में पहुंचेंगे। इसके बाद मुहल्ला बृजराज नगर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचेंगे शाम पांच बजे मंडी सड़क से होते हुए विधुना सड़क पक्केताल स्थित प्राइमरी विद्यालय के लिए पदविहार करते हुए प्रस्थान करेंगे। (संवाद)

बाइक से जा रहे तीन सगे भाइयों को ट्रक ने मारी टक्कर, गंभीर

उदी। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के उदी-वाह मार्ग पर कुंडेश्वर गांव के पास शुक्रवार को एक ट्रक ने बाइक सवार तीन सगे भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में तीनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना पर बढ़पुरा थाना पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में शिवम पुत्र संतोष कुमार (26), रवि पुत्र संतोष कुमार (23) व धर्मेंद्र पुत्र संतोष कुमार (20) निवासी बीधुपुरा घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि तीनों सगे भाई किसी कार्य से मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी कुंडेश्वर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। बढ़पुरा थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। (संवाद)

साड़ी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

संवाद न्यूज एजेंसी

इटावा। चौबिया थाना क्षेत्र के परौली रमायन गांव में गुरुवार रात एक युवक ने घर पत्नी के मायके चले जाने पर कमरे में साड़ी से बने फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार रात करीब 10 बजे चंद्रशेखर (28) का शव घर में फंदे पर लटका मिला।

परिजन शव उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसईनावर ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच की। एसओ ने बताया कि जांच में पता चला है कि चंद्रशेखर चिनाई मिस्त्री का काम करता था। वह काफी समय से दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था।

परिजन बोले-दंपती में किसी बात पर हुआ था विवाद

पत्नी की तबीयत खराब होने की सूचना पर तीन जून को गांव आया था। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि गुरुवार शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद उसकी पत्नी खुशबू नाराज होकर अपने मायके बधियापुरा थाना चौबिया चली गई थी। दंपती के तीन बच्चे सात वर्षीय सलोनी, पांच वर्षीय दीपांशु और दो वर्षीय कार्तिक घर पर ही थे। रात में छोटे बच्चे के रोने पर मृतक की मां विमला देवी उसे चंद्रशेखर के कमरे में देने पहुंचीं, लेकिन कमरा अंदर से बंद था।

खिड़की से झांकने पर उन्होंने बेटे को फंदे से लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

मारपीट व घर में तोड़फोड़ के आरोप में चार पर प्राथमिकी दर्ज

भरथना। कस्बा के मोहल्ला गिहार नगर निवासी एक युवक के साथ चार लोगों ने गाली-गलौज और मारपीट करते हुए घर में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मोहल्ला गिहार नगर निवासी मोहन कुमार पुत्र सुरेश चंद्र ने मोहल्ले के अवनीश कुमार, रवि, समीर और विवेक कुमार पर आरोप लगाया है कि नौ जून की रात करीब साढ़े 10 बजे उक्त लोग एकत्र होकर उसके भाई के घर पहुंचे और वहां गाली-गलौज करते हुए तोड़फोड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान एक आरोपी ने उसके मुंह पर ईंट मार दी, जिससे वह घायल हो गया। गर्भवती पत्नी के साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। (संवाद)

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से हमें उनकी तिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आमंत्राईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इजी0-सी- 2026-141

कार्य का नाम : विरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेक्शन: कंस्ट्रक्शन ऑफ रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) एट ट्रेन्सपिसिंग लोकेशन जिलो मीटर 1253/0-2 इन बिटवीन सारसोडी एट स्टेशन।

अनुमानित लागत रू.: 52656964.09	अमानत राशि : 1053100.00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह	

निविदा बन्द होने की तिथि : 06/07/2026 at 15:00 hrs., • निविदा दिनांक 06/07/2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1325/26 (D)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

कानपुर विकास प्राधिकरण

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष गुप्ता पुत्र श्री रामसेवक गुप्ता एवं श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव पत्नी डा. मनीष गुप्ता, द्वारा भवन संख्या-785 ब्लाक-बी पनकी, कानपुर नगर क्षेत्रफल 209.04 वर्ग मीटर पर निर्मित भवन मानचित्र शमन किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। डीड के अनुसार प्रस्तगत भूखण्ड का भू-प्रयोग आवासीय है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के अन्तर्गत 'आवासीय' उपयोग में 'मिश्रित उपयोग' अनुमन्य श्रेणी के अन्तर्गत है। भवन के सम्मुख 100.00 फिट रोड है। मिश्रित उपयोग की (आवासीय+व्यवसायिक) भवन की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु वर्तमान में प्रभावी एवं लागू मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रावधानों के अन्तर्गत जनता से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया जाना होगा अतएव वर्तमान में प्रभावी एवं लागू मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के प्रस्तर 15.1.3 (iv) के अनुसार महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्तियाँ/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जायेगी। मानचित्र स्वीकृति से पूर्व प्राधिकारी के अनुसार 15 दिन की समयावधि जन सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमन्त्रित किये जाते है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/सुझाव देना हो तो प्रभारी विशेष कार्यधिकारी प्रवर्तन जोन-2बी, कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर के कार्यालय में लिखित रूप से उक्त सूचना के प्रकाशन 15 दिन के अन्दर आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। अमय कुमार पाण्डेय, सचिव

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166

सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

एक सप्ताह से नवादा फीडर की बिजली ठप

पानी न होने से नहीं पनप पा रही धान की नर्सरी, सब्जी की फसलें भी रहीं सूख

संवाद न्यूज एजेंसी

लवेदी। क्षेत्र के बहादुरपुर बिजली उपकेंद्र की पीटीडब्ल्यू नवादा फीडर की बिजली आपूर्ति पिछले एक सप्ताह से बाधित है। आंधी में बिजली के खंभे और तार टूट जाने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न मिलने से किसानों की धान की नर्सरी और सब्जी की फसल बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि धान की रोपाई की तैयारी के लिए करीब आठ दिन पहले बीज भिगोया गया था लेकिन उसी दौरान आई तेज आंधी में बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। हरनारायणपुर के पास एक बिजली का खंभा टूटा पड़ा है, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है।

करन सिंह ढार गांव में चार दिन से बिजली नहीं

उदी। उदी-चकरनगर मार्ग पर स्थित करन सिंह ढार गांव में पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। मंगलवार को आए तेज आंधी और तूफान के दौरान नलकूप लाइन के कई बिजली के खंभे टूटकर गिर गए थे, जिसके बाद से गांव में अंधेरा छाया हुआ है। गांव में मुख्य रूप से इसी लाइन से बिजली आपूर्ति होती है, इसलिए बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अजीत ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली घर में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। चार दिन से गांव की बिजली बंद है और निगम की ओर से समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। टूटे हुए खंभे अभी भी मौके पर पड़े हुए हैं। बिजली न आने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। (संवाद)

दो दिन पहले आई आंधी से टूटा खंभा

तुर्कपुर निवासी निजी ट्यूबवेल मालिक अमरचंद ने बताया कि सिंचाई न होने से उनकी सब्जी की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। वहीं तुर्कपुर निवासी लाला राम ने कहा कि धान की नर्सरी तैयार करने के लिए उन्होंने बीज भिगो दिया था लेकिन बिजली न मिलने से खेती का काम प्रभावित हो रहा है। वहीं इस संबंध में बिजली निगम के जेई नरदेव गौतम ने बताया कि आंधी में क्षतिग्रस्त हुए सभी खंभों को ठीक कर बिजली आपूर्ति चालू कर दी गई थी। हरनारायणपुर के पास खंभा दो दिन पहले आई आंधी में टूटा है। उसे लगवाकर जल्द ही बिजली आपूर्ति चालू की जाएगी।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India — 1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : न्यू मण्डी फर्रुखाबाद रोड इटावा

ई-नीलामी बिक्री सूचना

[नियम 8(6)]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत के अधीन अचल परिसंपत्तियों के बिक्री की ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य और आम जनता तथा विशेष रूप से कर्जदार/रों तथा जमानतदार/रों / बंधककर्ता/ओं को नोटिस दी जाती है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति प्रत्याभूत लेनदार को बंधक/प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, जिसकी बिक्री **"जैसे है जहां है", "जैसे है जो है" तथा "जो भी यहां है" तथा बिना किसी दायित्व** के आधार पर की जायेगी। सम्बन्धित सम्पत्तियों के विवरण के समक्ष आरक्षित मूल्य एवं ईएमडी प्रदर्शित है। ई–नीलामी बैंक द्वारा अनुमोदित सेवाप्रदाता ई–नीलामी एजेंसी की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया www.centralbankofindia.co.in या https://baanknet.com में दिए गए लिंक को देखें।

ई–नीलामी की तिथि व समय : 29.06.2026, प्रातः 10:00 से सायं 04:00 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार सहित)
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 28.06.2026, प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी, बंधककर्ता और जमानतकर्ता का नाम व पता	अचल सम्पत्ति एवं स्वामी का विवरण	कुल बकाया धनराशि	ई–नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड मूल्य
	शाखा : फर्रुखाबाद, शाखा प्रबन्धक सम्पर्क नं. 8303713669				
1.	**मेसर्स आराश इम्बोर्ड़ी मार्कट प्रोपराइटर श्री जीसानुद्दीन** पुत्र कमरुद्दीन (ऋणी) एवं **जीसानुद्दीन** पुत्र कमरुद्दीन, **पता–** म.नं. 150, वार्ड नं. 19, खेराती खान, जिला– फर्रुखाबाद – 209625	आवासीय सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड का साम्यिक बंधक सम्पत्ति **श्री जीसानुद्दीन** पुत्र कमरुद्दीन के नाम स्थित– गोहल्ला गढ़ी अब्दुल मजीद खान, निकट बड़ी वाली मस्जिद, नाला मछरट्टा रोड, परगना पहाड़ा, तहसील फर्रुखाबाद, सदर, जिला– फर्रुखाबाद (उ.प्र.) **कुल क्षेत्रफल–** 58.97 वर्ग मी. **चौहद्दी: पूरब :** रास्ता 3.04 मी., **पश्चिम :** श्रीमती एफीकन बेगम का बकाया भाग, **उत्तर :** गली 2.5 मी. चौड़ी, **दक्षिण :** श्री मुंशी कादिर का मकान	रु. 7,76,080.06 + उस पर बाद को लागू ब्याज तथा व्यय तत्पश्चात कम वसूली यदि कोई हो	29.06.2026 प्रातः 10:00 से सायं 4:00 तक	रु. 10.78 लाख (आरक्षित मूल्य) + रु. 1.08 लाख (अग्रिम राशि) रु. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, सम्पत्ति पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई सम्पत्ति/सम्पत्तियों के शीर्षक और सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के दावे में अपनी स्वतन्त्र जांच करनी चाहिए।
2. उपर्युक्त सम्पत्ति को ऊपर बताए गए आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा।
3. बोलीदाताओं की वेबसाइट https://baanknet.com पर पंजीकृत होना होगा और केवाईसी दस्तावेज सेवा प्रदाता द्वारा केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अपलोड करने होंगे। धरोहर राशि एनईएफटी के माध्यम से ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में दिनांक 28.06.2026 सायं 4:00 बजे तक जमा की जाएगी। (https://baanknet.com से चालान जनरेट होने के बाद)
4. अधिक जानकारी के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी से मो. नं. 7390932121 पर सम्पर्क करें। सम्पत्ति के निरीक्षण के लिए कृपया शाखा प्रबन्धक से सम्पर्क करें।
5. सफल बोलीदाता को सुरक्षित सम्पत्तियों के पंजीकरण/हस्तांतरण के लिए स्टांप शुल्क, पंजीकरण, कर देयता आदि जैसे सभी आवश्यक खर्च वहन करने होंगे।
6. नियम और शर्तें पूरी तरह से SARFAESI अधिनियम, नियम 2002 एवं बैंक की पॉलिसी के प्रावधानों के अनुसार होंगी।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांक : 13.06.2026 | स्थान : फर्रुखाबाद | प्राधिकृत अधिकारी : सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

खेलते-खेलते गुम हुई मासूम पुलिस ने परिजन तक पहुंचाया

संवाद न्यूज एजेंसी

भरथना। मां बाप से बिछड़ी एक मासूम को पुलिस ने गुरुवार को उसके परिजनों के सुपुर्द किया। मां से मिलकर मासूम का चेहरा खिल गया। बकेवर थाना क्षेत्र के गांव व्यासपुर निवासी राहुल अपनी पत्नी गीता व बेटी पुत्री रागिनी उर्फ राधा के साथ भरथना के गांव सुजीपुर में सुबह करीब सात बजे झाड़ू बनाने के लिए खजूर के पत्ते काटने के लिए आए हुए थे।

सुबह करीब दस बजे राहुल ने अपनी बेटी को पानी लेने भेज दिया। इसी बीच वह खेलते खेलते लापता हो गई और क्षेत्र के गांव नगला हंसे जा पहुंची। माता पिता से बिछड़ जाने के बाद बच्ची रोने लगी। बच्ची को रोता देख ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दी।

सूचना मिलते ही डायल 112 व थाना उपनिरीक्षक गीता देवी मौके पर पहुंचे और बच्ची से जानकारी जुटानी चाही लेकिन वह कुछ भी नहीं बता पा रही थी। इस पर पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद परिजनों को खोज निकाला और बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे खिल गए व मासूम के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। साथ ही पुलिस का धन्यवाद जताया।

लापता बच्ची को परिजन के सुपुर्द करती पुलिस। स्रोत :पुलिस।

Medical Helpline

अब इटावा में ही सुपरस्पेशलिटी यूरोलॉजी ओपीडी उपलब्ध

इटावा किडनी एण्ड स्टोन क्लीनिक

प्रतिदिन ओपीडी

डॉ. प्रवीन सिंह

MBBS, MS (General Surgery), FMAS, DrNB (UROLOGY)
Laparoscopic, Endoscopic, Robotic, Andrologist
Kidney Transplant Surgeon

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध

किडनी, प्रॉस्टेट, पथरी एवं मूत्र से सम्बंधित सर्जरी की सेवाएं उपलब्ध

मिलने का समय - प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक सायं 04 बजे से 07 बजे तक

पक्का तालाब चौराहा (पेट्रोल गेट के पास) इटावा मो. 9457219491

DIVYABUTI AYURVEDA
DR GUPTA NATURAL CLINIC

जब कहीं न हो फायदा तो एक बार जरूर मिलें

डा. गुप्ता

गुप्त रोग | पेट संबंधी रोग | लिवर रोग

• शराब पीने की वजह से क्या आपके वैवाहिक जीवन पर कोई दुष्प्रभाव पड़ रहा है?
• शुगर की वजह से क्या आपको नपुंसकता हो रही है?

Mob.: 9795202727 www.divyabutiayurveda.com

कानपुर : आई ब्लाक, भारत पेट्रोल पम्प के पास, गोविन्द नगर, सुबह 10-8 बजे

हमारी अन्य क्लीनिक – उन्नाव, फतेहपुर एवं उरई